समाचार

# बुधवारी बाजार में साफ–सफाई कार्यो का किया निरीक्षण

## (आयुक्त द्वारा विगत दिनों बाजार का भ्रमण कर गदंगी न फैलाने की दी गई थी हिदायत, फिर भी आदत में सुधार न करने पर, एक्शन टीम ने की कार्यवाही)




कोरबा 21 जुलाई 2025 – निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने आज शहर के बुधवारी सब्जी व फल बाजार में गदंगी फैलाने तथा दुकानों से निकले कचरे को डस्टबिन में न रखने पर निगम की एक्शन टीम ने उन पर कार्यवाही करते हुए संबंधित सब्जी फल व्यवसायियों पर अर्थदण्ड आरोपित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। टीम ने संबंधितों को कड़ी हिदायत दिया गया कि दुकानों में डस्टबिन रखा करें एवं दुकान से उत्सर्जित कचरा डस्टबिन में ही डालें। बाजार में गदंगी न फैलाए अन्यथा नियमों का पालन न करने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

यहॉं उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में आज अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा द्वारा शहर का भ्रमण कर जनसमस्याओं का जायजा लिया गया एवं उनका निराकरण करने के साथ–साथ शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रखकर शहर को साफ–सुथरा रखने, सफाई व्यवस्था में आमूल–चूल बदलाव लाने तथा सफाई के प्रति लोगों की आदतों में सुधार लाने का भागीरथ प्रयास किया जा रहा हैं, किन्तु बार–बार समझाईश दिये जाने के बावजूद कतिपय लोगों द्वारा सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में गंदगी फेकी जा रही है, इससे एक ओर जहॉं निगम के भरसक प्रयासों के बावजूद सफाई व्यवस्था बाधित हो रही है, वहीं शहर को साफ–सुथरा रखने के नगर पालिक निगम की कोशिशों में भी बाधायें उत्पन्न हो रही हैं। अभी कुछ दिन पूर्व अपने नियमित शहर भ्रमण की कड़ी में आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ बुधवारी सब्जी बाजार का सघन रूप से निरीक्षण किया गया था। उन्होने वहॉं पर व्यवसाय संचालन करने वाले थोक व फुटकर सब्जी विक्रेताओं को समझाईश दी थी

कि वे बाजार को स्वच्छ व साफ रखें एवं अपने प्रतिष्ठानों व दुकानों में बड़ी साईज के डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें तथां उत्सर्जित कचरे को इन्हीं डस्टबिन में संग्रहित करें। बाजार में गंदगी न फैलायें, किन्तु इसके बावजूद भी कतिपय सब्जी फल व्यवसायियों द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है तथा उनके द्वारा कचरे को इधर–उधर बिखेरकर गंदगी फैलाई जा रही है।

**पम्प हाउस का किया भ्रमण** – अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा द्वारा अधिकारियों की टीम के साथ निगम की कर्मशाला का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि वहॉ पर खडी हुई वाहनों में से जो वाहन मरम्मत योग्य है, उनका मरम्मत कराकर उपयोग में लाया जावे तथा वाहनों के खराब पड़े हुए पार्ट्स व अन्य कबाड़ को इधर उधर न रखें। व्यवस्थित रूप से पार्ट्स व कबाड को रखने के निर्देश उन्होने अधिकारियों को दिया, साथ ही उन्होने पम्प हाउस स्थित महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रीज पार्क का भी निरीक्षण किया तथा उक्त स्थल पर किसी प्रकार का किसी के द्वारा अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण न हो, इसकी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश साथ में चल रहे अधिकारियों को दिये गये।

भ्रमण के दौरान जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, अभय मिंज, उप जोन प्रभारी सुमित गुप्ता, करन पाण्डेय, प्रिंस सिंह, मनोज साहू के साथ ही अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।